वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 2 अक्टूबर 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

पीएम पोषण योजना एन॰ई॰पी॰ के क्रियान्वयन हेतु अहम कदम

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सुझाए मिड-डे मील में बदलावों को लागू करने का कदम स्वागतयोग्य

केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सुझाए मिड-डे मील से संबंधित सुझावों पर अमल करने के प्रयासों का अभाविप स्वागत करती है। इन बदलावों के लागू होने से सरकारी तथा सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के पोषण तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा। योजना का दायरा बढ़ाकर अधिकाधिक छात्रों को इसके अंतर्गत लाने के लिए जो संशोधन किए गए हैं, वे स्वागत योग्य हैं।

इन बदलावों के लागू होने से 11.20 लाख से अधिक सरकारी तथा सरकार द्वारा सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के पोषण तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा। योजना के लाभार्थियों में 24 लाख विद्यार्थी और जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत 1.3 लाख करोड़ का कुल बजट आवंटित किया गया है तथा 45000 करोड़ की अनुवृत्ति देने की घोषणा भी की गई है।

अभाविप का मानना है कि पोषण तथा स्वास्थ्य छात्र जीवन को सार्थक एवं सक्षम बनाने में अपरिहार्य भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत भोजन की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए अलग से अनुवृत्ति देने की घोषणा जो केंद्र सरकार द्वारा की गई है, वह एक उत्तम पहल है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी जी ने कहा "प्रधानमंत्री पोषण योजना" की घोषणा के साथ नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को लागू करने की ओर जो कदम केंद्र सरकार ने बढ़ाया है, वह प्रशंसनीय है। हमें पूर्ण विश्वास है कि सरकारों के आपसी सहयोग से योजना सार्थकता के साथ लागू हो सकेगी। योजना के सफल होने से सरकारी संस्थानों में विद्यार्थियों की संख्या में भी वृद्धि होगी तथा इससे शिक्षा क्षेत्र के लिंग अनुपात में भी समानता आएगी।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)